शिक्षा में हो क्रांतिकारी परिवर्तन : राज्यपाल

मेधावी छात्र–छात्राओं को आशीर्वाद देते हूए राज्यपाल डाक्टर अज़ीज़ कुरैशी।

देहरादून। राज्यपाल डा. अज़ीज़ कुरैशी, ने आज राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में कहा कि सरकारी स्कूलों और पब्लिक स्कूलों के बीच सुविधाओं और शिक्षण स्तर के अन्तर को कम करना होगा। इसके लिए वीरभूमि–देवभूमि में क्रांतिकारी परिवर्तन की जरूरत है। यह परिवर्तन जनसहयोग, सरकार तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति सजग–समर्पित रहने वाले संगठनों के समन्वित प्रयास से संभव हो सकेगा।

अमर उजाला फाउन्डेशन की ओर से आयोजित मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम में राज्यपाल के हाथों उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2014 की मैरिट लिस्ट में टॉप टेन पर रहे 75 छात्रों को मेड़ल तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के पश्चात् राज्यपाल ने अपने प्रेरक उद्बोधन से सभी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देने के साथ ही उल्लेख भी किया जिसमें उन्होंने कहा था हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक पीड़ितों के आखों में एक भी आँसू बाकी है।

इस अवसर पर अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्यमंत्री श्री हरीश रावत ने सम्मानित किए गए छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ये मेधावी बच्चे ही कल का भारत बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता का जमाना है। इसमें आगे बढ़ने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा। आने वाली पीढ़ियों में इतनी क्षमता है कि वो इस प्रतिस्पर्धा में आगे निकल कर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना सके। राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सरकार प्रयासरत है। प्रत्येक विकासखण्ड में आवासीय अभिनव विद्यालय प्रारम्भ किए जाएंगे। पिछड़े क्षेत्रों से इसकी शुरूआत की जाएगी। शहीद श्रीदेवसुमन के नाम पर प्रतिभावान छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रारम्भ की जा रही है।

विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों तथा न्यूनतम शिक्षा सुविधाओं के बीच प्रतिभा तथा मेधा का प्रदर्शन इन बच्चों, इनके अभिभावकों तथा शिक्षकों के अथक परिश्रम व लगन का परिणाम है। इस अवसर पर शिक्षा सचिव डा. एम. सी.जोशी, राज्यपाल के परिसहाय नीलेश आनन्द भरणे, अमर उजाला फाउन्डेशन के पदाधिकारी, छात्र, अभिभावक तथा शिक्षक भी उपस्थित थे।

☐मेधावी छात्र–छात्रों को किया सम्मानित

हमारी शिक्षा नीति में है कुछ कमीः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि पुरस्कारों का जीवन में बड़ा महत्व होता है। शिक्षा को सामाजिक मिशन के तौर पर बढ़ाना होगा। सरकार के साथ ही शिक्षकों, अध्यापकों को भी योगदान देना होगा। हमारी शिक्षा नीति में कुछ कमी है जिसके कारण हमारे सरकारी विद्यालयों के बच्चे नैशनल बैंचमार्क पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। उत्तराखण्ड में शिक्षा के लिए सामाजिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)

अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

ताला तोड़ लाखों का सामान चोरी

देहरादून। डोईवाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंद घर का ताला तोड़ अज्ञात चोर ने जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस मामलें की जांच कर रहीं है। बता दे कि बीना देवी पत्नी हुकुम सिंह निवासी नागल ज्वालापुर डोईवाला कुछ दिन के लिये अपने रिश्तेदार के घर गई थी। इसी दौरान कुछ अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ तिजोरी में रखें सोने–चांदी के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मामलें का पता जब बीना को लगा तो उन्होंने घर की तिजोरी में देखा तो सारा माल गायब था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं पीड़त ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घर से एक्टिवा, दो भरे गैस सिलेंडर एक सोने की चैन व चांदी के चैन समेत हजार रूपये चोरी किये गये हैं।

धरने के पांचवे दिन मौन जुलूस

देहरादून। उत्तराखण्ड पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षकों ने रविवार को अपने धरने के पांचवे दिन मौन जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। परेड ग्राउण्ड स्थित धरना स्थल पर सोसाइटी के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि सरकार उपचुनाव में जीत के बाद अपने विजय जुलूस में ही व्यस्त है। लेकिन सरकार को धरने पर बैठे शिक्षको की कोई सुध नही है। पिछले चार दिनों से धरने पर बैठै शिक्षको की समस्याओं और मांगों के संबध में शासन प्रशासन मौन है। जिस कारण दर्शन कारियों ने मुंह पर काली पट्टी बांध कर मौन जुलूस निकाला। संविदा शिक्षकों ने 28 जुलाई को सचिवालय घेराव का ऐलान किया है। मौन जूलुस में खगेन्द्र अवस्थी, नरेन्द्रपाठक, आशीष सेमवाल, महेश पाल,पूरन सिंह स्वाति, निधि, दिव्या, सिमरन,कविता, मुनीर, अरूण कुमार, कविताभण्डारी, जयवीर, सुमित कुमार, अंजलिसमेत अन्य संविदा शिक्षक मौजूद रहे।

मांगो को लेकर रैली निकालते हुए पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षक।

डायरिया अभियान को सीएमओं ने ली बैठक

☐आंगनवाडी केंद्रों में करें माताओं के साथ बैठक आयोजित
☐इन्फेन्ट, यंग चाईल्ड फिडिंग प्रेकिटिस विषय पर करें चर्चा

देहरादून। जनपद में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारियों के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी डी.एस जनपांगी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साअधिकारी सभा कक्ष में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आहुत की गयी।

बैठक में उन्होने कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों से अपेक्षा की है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। उन्होने बताया कि यह कार्यक्रम विकासखण्ड स्तर पर चलाया जायेगा। सधन डायरिया नियन्त्रण पखवाडे की कार्ययोजना को प्रदत्त दिशानिर्देश अनुसार तैयार करने हेतु विभिन्न विभागों जिनमें आईसीडीएस, शिक्षा, पंचायतीराज, जनजाति विभाग के विकास खण्ड स्तरीय प्रतिनिधि, ग्रामीण विकास, जलसंस्थान आदि को सम्मलित करते एक बैठक/ अभिमुखीकरण अतिशीघ्र आयोजित करें। प्रत्येक चिकित्सा इकाई से लेकर आशा कार्यकत्री तक ओआरएस एवं जिंक की उपलब्धता का आंकलन कर लें। यदि इसकी उपलब्धता में कहीं कमी देखने को मिलती है तो सबन्धित चिकित्सा इकाई इसकी अविलम्ब मांग जनपद स्तर को प्रेषित करें। प्रत्येक चिकित्सा इकाई स्तर पर ओआरएस एवं जिंक कार्नर की स्थापना की व्यवस्था की जाए। समस्त आशा/आंगनवाडी व एएनएम को अतिसार नियन्त्रण हेतु लक्ष्य समूह के अनुसार नवजात शिशु एवं सभी बच्चों को ओआरएस का घोल एवं जिंक को पिलाए जाने हेतु जानकारी व जागरूक करें। यदि आशा/आंगनवाडी कार्यकत्री के भ्रमण के दौरान अतिसार से ग्रसित नवजात या बच्चे की जानकारी प्राप्त होती है तो उसे तुरन्त नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र में सदर्भित करें। आंगनवाडी केन्द्रों में माताओं के साथ बैठक आयोजित कर इन्फेन्ट, यंग चाईल्ड फिडिंग प्रेकिटिस विषय पर चर्चा करें।

सीवियर डायरिया केस होने की स्थिति में 108 से भी संपर्क कर बुलाया जा सकता है। पीने के पानी की सफाई व्यवस्था व क्लोरीन की गोली के इस्तेमाल के विषय में बताया व वितरीत की जाएगी। आशा/आंगनवाडी /एएनएम के प्रशिक्षण व अभिमुखीकरण हेतु समस्त चिकित्सा अधिकारीयों की सधन डायरिया नियन्त्रण पखवाडे हेतु प्राप्त दिशा निर्देशानुसार एक बैठक दो दिन के भीतर प्रत्यक विकासखण्ड में आहुत कर ली जाएगी। जनपद में ओआरएस की उपलब्धता हेतु सप्लायर को आदेश प्रदान कर दिए गए हैं।

विस्थापितों पर विचार करने हेतु गोष्ठी

टिहरी स्मृति पर आयोजित गोष्ठी में विचार रखते हुए वक्ता।

☐विस्थापितों एवं प्रभावितों के लिए उद्यमिता विकास की योजनाएं बनाने को बताई आवश्यता

देहरादून। टिहरी स्मृति एवं विस्थापित एकता मंच ने बांध प्रभावितो एंव विस्थापितों पर विचार मंथन करने के लिए रविवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया।

रविवार को हरिद्वार रोड़ स्थित एक होटल में टिहरी स्मृति एवं विस्थापित एकता मंचकी ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के सूचना आयुक्त राजेन्द्र कोटियाल ने कहा कि विस्थापितों के बीच निरंतर आपसी संवाद के साथसाथ दूसरे के संपर्क में रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि विस्थापित एकता मंच इस दिशा में उपयोगी सिद्ध होकर प्रभावी भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विचार मंच की अध्यक्षा विनोद उनियाल ने कहा कि मंच लोगों के बीच सदैव सक्रिय है और टिहरी के विकास एवं विरासत की चर्चा करते हुये इसे याद रखने की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डीएस बागड़ी ने विस्थापितों एवं प्रभावितों के लिये उद्यमिता विकास की योजनाएं बनाने को आवश्यता बताई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे आकर व्यापार एवं सेवा के क्षेत्र में नई तकनीकी को अपनाते हुये अवसरों को अपयोग करना चाहियें। गोष्ठी में अन्य वक्ताओं नेविस्थापित परिवारों के एक सदस्य को स्थायी रोजगार प्रदान करने के लिये टिहरी झील के आस–पास पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ पर्यटन केंद्रो में आंवटन में स्थानीय व्यक्तियों को प्राथमिकता देने विस्थापितों के भवनों को बिजली,पानी व भवन कर से मुक्त करने रखने,भूमिधरी का अधिकार देने ,शिक्षा व स्वास्थय की सही व्यवस्था करने की मांग की।

कन्या भ्रूण पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

देहरादून। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दून धमेन्द्र कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाधान दलित महिला हैल्पलाईन के सहयोग से आज राजकीय बालिका इण्टर कालेज राजपुर रोड देहरादून में कन्या भ्रूण हत्या पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। उपस्थित लोगों को जानकारी दी गयी कि कन्या भ्रूण हत्या कानूनी अपराध है बल्कि एक अनैतिक कार्य भी है। अगर रोका न गया तो लिंग अनुपात में काफी अंतर आ जायेगा जिस कारण सामाजिक अर्थव्यवस्था छिन्न–भिन्न हो जायेगी तथा समाज में महिलायें विलुप्तता के कागार पर आ जायेगी। जिससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जायेगा जिसे रोका जाना अति आवश्यक है। उक्त शिविर में घरेलू हिसां लैंगिग अपराधो से बालको का संरक्षण अधिकार अधिनियम, दहेज शिक्षा का अधिकार, मानवाधिकार एवं कानूनी अधिकार तथा कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित लोगों को सरल कानूनी ज्ञान माला की पुस्तिकायें भी निशुल्क वितरित की गई।

स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

☐पुलिस ने युवक के पास 18 ग्राम स्मैक हुई बरामद

देहरादून। नेहरू कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने दो स्मैक तस्कर को पकड़ा है। जिनके कब्जें से 18 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। बता दे कि पुलिस को सूचना मिली की दो युवक डिस्कवर बाईक वाहन संख्या यूके 078592 में सवार होकर रेलवे क्रासिंग के पास हरिद्वार बाईपास से गुजरने वालें हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। जिसके बाद पुलिस ने चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। पुलिस ने आरोपियों की गाड़ी देखते ही उन्हें रोक लिया तलाशी में उनके पास से 18 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसकी कीमत 1लाख रूपयें बताई जा रहीं है। इसके बाद पुलिस दोनों को थाने लेकर आ गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान कृष्ण गोपाल उर्फ बाबू निवासी 212 लेन न0–1 साकेत कालोनी व अजय कुमार निवासी दीपनगर के रूप में दी है।

रंजिश के चलते डिप्टी जेलर को मारी टक्कर

☐डिप्टी जेलर पर हमला, आरोपी गिरफ्तार
☐आरोपी पूर्व में जेल परिसर में ही था पुजारी

देहरादून। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत डिप्टी जेलर को गाड़ी से टक्कर मारने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी कारागार स्थित मंदिर में पुजारी का काम करता है।

बता दे कि सिद्धू वाला जेल में कार्यरत डिप्टी जेलर को कारगार के पूर्व पुजारी जानबूझ कर गाड़ी से तीन बार टक्कर मार दी। घटना उस समय की है। जब जेलर अपनी पत्नी के साथ जेल रोड़ पर रात्रि भोजन के बाद टहल रहें थे। इसी दौरान आरोपी अपनी गाड़ी से आया और उसने तीन बार जेलर को टक्कर मारी दी। जिससें जेलर को मामूली चोटे आई हैं। जानकारी में पुलिस ने बातया कि आरोपी पहले कारगार में पूजारी था। उसने वहां पर ही मकान बनाया था। बिजली का कनेक्शन भी उसने कारगार से ही लिया था। जिसका बिल कारागार के नाम पर ही आता था। इस पर जेलर ने उसका कनेक्शन यह कहकर हटा दिया कि ये सरकारी संपत्ति की चोरी है। जिसके बाद पुजारी जेलर से दिल में रंजिश ले बैठा। इसी के चलते उसने जेलर को टक्कर मार दी। मामलें में जय प्रकाश द्विवेदी डिप्टी जेलर ने आरोपी विजय प्रकाश निवासी ऊखीमठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने बताया कि आरोपी पण्डित करागार विभाग के मंदिर में पुजारी था। उसने विभाग की बिजली कनेक्शन से अपने घर का तार जोड़ रखा था। जिससें बिल विभाग के नाम पर ही आने लगा ये बात जेलर को नगवार गुजरी और उन्होंने पण्डित का कनेक्शन हटवा दिया। जिसके चलते ही पण्डित ने गाड़ी पर सवार होकर जेलर को तीन बार टक्कर मार दी।

आईओसी ने रविवार को भी डिपो चलाया

देहरादून। दून में पेट्रोल–डीजल का संकट खत्म करने के लिए आईओसी ने रविवार को भी डिपो से टैंकरों में पेट्रोल–डीजल भरा। इसके साथ ही एचपीसी और बीपीसी के पेट्रोल पंपों पर भी धीरे–धीरे पेट्रोल–डीजल की सप्लाई शुरू हो गई है। दून पेट्रोल पंप एसोसिएशन सचिव अमरजीत सेठी ने बताया कि कांवड़ यात्रा के चलते दून में पेट्रोल–डीजल का संकट गहरा गया था। हरिद्वार से सप्लाई बाधित होने के कारण अधिकतर पंप सूख गए थे। दून में पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति को सामान्य बनाने के लिए आईओसी ने रविवार को भी डिपो चलाया है। शाम तक सभी डिपो में टैंकर आ जाएंगे।

अधिकारी समस्याओं के प्रति हों गंभीरः डीएम

☐उद्योग बन्धुओं की समस्या समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित करना सुनिश्चित करें

देहरादून। जिलाधिकारी चन्द्रेश कुमार ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित उद्योग मित्र समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कहा कि जब तक सभी अधिकारी समस्याओं के प्रति गम्भीर नही होगें कोई भी समस्या का हल नही हो सकता।

उन्होने अधिकारियों को हीदायत दी कि उद्योग बन्धुओं की जो भी समस्या है उन्हे समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित करना सुनिश्चित करें तथा शासन स्तर के प्रकरणों पर प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किये जाये तथा सम्बन्धित जानकारी से भी उधोग बन्धुओं को अवगत कराया जाये ताकि उन्हे ज्ञात रहे कि उनकी समस्या पर विभाग द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की गई है। उन्होने यह भी निर्देश दिये है कि बैठक में सम्बन्धित अधिकारी ही उपथित रहे तथा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में पूर्ण जानकारी हो। उन्होने सभी अधिकारियों को आपस में तालमेल एवं समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का समाधान करने के भी निर्देश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी को जनपद में नये औधौगिक क्षेत्रों को चिन्हित किये जाने सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि दूनघाटी महायोजना 2031 के अन्तर्गत 12 सैक्टर प्लान चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार किये जा रहे है। जिस पर जिलाधिकारी ने सचिव दून घाटी विशेष प्राधिकरण को निर्देश दिये है कि इस महायोजना 2031 में कौन से सैक्टर शामिल किये गये है इसका पूर्ण विवरण तैयार कर प्रस्ताव उद्योग विभाग को उपलब्ध करायें। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई में सड़को में गड्डो की मरम्मत एवं सड़क निर्माण का कार्य औद्योगिक क्षेत्र लालतप्पड में पुलिस फायर स्टेशन हेतु अग्निशमन विभाग द्वारा प्रेषित रू0 2.73 करोड़ की स्वीकृति के सम्बन्ध में तथा अद्यौगिक संस्थान लांघा रोड़ की सड़क निर्माण तथा एटीम खोलने के सम्बन्ध औद्योगिक क्षेत्र मौहब्बेवला में सड़क नालिया तथा टाइटन इण्डस्ट्री के पास पुलिया निर्माण के सम्बन्ध में तथा राजकीय आद्यौगिक क्षेत्र पटेल नगर में नालिया की सफाई एवं अतिक्रमण हटाने के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। बैठक में ओद्यौगिक क्षेत्र मौहब्बेवाला देहरादून में अनाधिकृत रूप से खड़े विक्रमों/वाहनों को हटाने, आद्यौगिक क्षेत्रों के जैविक कूड़े का निस्तारण करवाने, शिमला बाईपास मार्ग पर प्रातः 8 बजे से रात्री 8 बजे तक बड़े वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबन्ध लगाने तथा सेलाकूई नया गांव आदि ग्रामीण क्षेत्रों की बैंक शाखाओ को लोकल क्लीरिंग हाउस से जोड़ने के सम्बन्ध विस्तार से चर्चा की गयी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय, एस.पी सिटी अजय सिंह सचिव दून घाटी विशेष प्राधिकरण झरना कमठान, महाप्रबन्ध उद्योग श्रीमती कौशल्या बन्धु ,अध्यक्ष ए आई यू पंकज गुप्ता, राजीव अग्रवाल, राकेश भाटिया एपी दीवान, सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सहारनपुर के लिए दूसरे दिन नहीं चल पाई बसें

☐दून से सहारनपुर जाने वाले लोगों को निराश लौटना पड़ रहा है

देहरादून। सहारनपुर में कर्फ्यू के चलते परिवहन विभाग की बसों का संचालन सहारनपुर के लिए दूसरे दिन भी ठप रहा। इसके साथ ही रविवार की सुबह से दिल्ली व अंबाला क्षेत्र की बसों का रूट भी बदल दिया है। दिल्ली रूट की बसें वाया हरिद्वार व करनाल भेजी जा रही हैं। अंबाला व पंजाबा रूट की बसें वाया पौंटा भेजी जा रही हैं।

सहारनपुर के लिए बसों का संचालन ठप होने से सुबह आईएसबीटी में आए लोगों को निराश लौटना पड़ा। बीते रोज से सहारनपुर में दंगे के चलते कर्फ्यू लगा हुआ है। पुलिस की सूचना पर परिवहन विभाग ने बीते रोज से ही सहारनपुर के लिए रोडवेज की बसों का संचालन बंद कर दिया था। रोज उत्तराखंड परिवहन निगम की 15 बसें सहारनपुर के लिए संचालित होती हैं। जबकि प्राइवेट बसें भी बड़ी संख्या में सहारनपुर को चलती हैं। कर्फ्यू के चलते सहारनपुर को बसों का संचालन ठप है। इस कारण आईएसबीटी में सहारनपुर जाने वाले लोगों को निराश लौटना पड़ रहा है।